भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- †2057

उत्तर देने की तारीख- 30/07/2026

बिहार में अनुसूचित जनजातियों के लिए कल्याणकारी योजनाएं

†2057. श्री राजा राम सिंहः

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) सहित बिहार में अनुसूचित जनजातियों के लिए कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) गत पांच वर्षों के दौरान जनजातीय विकास कार्यक्रमों के तहत जारी और उपयोग की गई धनराशि जिला-वार कितनी है;

(ग) विभिन्न योजनाओं के तहत प्राप्त आवेदनों की कुल संख्या और इनके तहत लाभ उठाने वाले लाभार्थियों की जिला-वार संख्या कितनी है;

(घ) शिक्षा, आजीविका और आवास योजनाओं के तहत शामिल किए गए लाभार्थियों की जिला-वार संख्या कितनी है; और

(ङ) क्या बिहार के लिए कोई नए आवासीय विद्यालय या जनजातीय छात्रावास स्वीकृत किए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

(क): मंत्रालय पीएम-जनमन, डीएजेजीयूए और अन्य जनजातीय विकास योजनाओं के अंतर्गत विद्यमान उपायों के क्रियान्वयन में प्रगति और उपलब्धियों में तेजी लाने हेतु संबंधित लाइन मंत्रालयों/विभागों/राज्य जनजातीय कल्याण विभाग/अन्य लाइन राज्य विभागों के साथ नियमित रूप से समन्वय कर रहा है। एक तिमाही में ऐसी समीक्षाएँ कम से कम एक बार की जाती हैं और वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में, ये समीक्षा बैठकें 06.05.2026 और 10.07.2026 को आयोजित की गई हैं।

(ख): बिहार राज्य में जनजातीय कार्य मंत्रालय की संबंधित योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय प्रगति का विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है। मंत्रालय में जिले-वार वित्तीय प्रगति नहीं रखी जाती है क्योंकि जिलों को निधि आवंटन करने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है।

(ग) से (ङ): बिहार के संदर्भ में, पीएम-जनमन के अंतर्गत, दिनांक 30.06.2026 तक प्रदान किए गए लाभों का जिले-वार विवरण **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

डीएजेजीयूए उपायों के अंतर्गत, पीएमएवाई-जी के तहत 108 मकान पूर्ण किए गए हैं, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा पश्चिम चंपारण में 1 जनजातीय कौशल केंद्र स्थापित किया गया है तथा मत्स्य पालन विभाग ने 50 सदस्यों के लिए ₹138.25 लाख की परियोजनाएँ अनुमोदित की हैं। जिले-वार लाभार्थी डेटा संबंधित क्रियान्वयन मंत्रालयों/विभागों द्वारा रखा जाता है। बिहार में जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा डीएजेजीयूए के अंतर्गत, अनुमोदित परियोजनाओं का जिले-वार विवरण **अनुलग्नक-III** में दिया गया है।

इसके अतिरिक्त, जनजातीय कार्य मंत्रालय ने बिहार राज्य में 3 एकलव्य आदर्श (मॉडल) आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) को स्वीकृति प्रदान की है। आज की तारीख तक, 2 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय क्रियाशील हैं। उनके विवरण निम्नानुसार हैं:

क्र.सं.	**जिला**	**ब्लॉक/तालुका**	**कार्यात्मक स्थिति**	**नामांकन 2025-26**
1	जमुई	झाझा	क्रियाशील	129
2	कैमूर (भभुआ)	अधौरा	गैर-क्रियाशील	-
3	पश्चिमी चंपारण	रामनगर	क्रियाशील	157

डीएजेजीयूए के अंतर्गत, बिहार राज्य में शिक्षा मंत्रालय के समग्र शिक्षा योजना उपाय के माध्यम से ₹6042 लाख की स्वीकृत लागत के साथ 19 जनजातीय छात्रावासों को स्वीकृति प्रदान की गई है तथा ₹906.30 लाख की केंद्रीय हिस्सेदारी जारी की गई है। इसके अतिरिक्त, डीएजेजीयूए के अंतर्गत जनजातीय कार्य मंत्रालय के आश्रम विद्यालय एवं छात्रावास उपाय के तहत बिहार में जनजातीय आवासीय विद्यालयों में 5 बड़े मरम्मत कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है।

बिहार राज्य में मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति और मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत, कवर किए गए लाभार्थियों का विवरण **अनुलग्नक-IV** में दिया गया है।

अनुलग्नक-I

बिहार राज्य में जनजातीय कार्य मंत्रालय की प्रासंगिक योजनाओं के संबंध में वित्तीय प्रगति

पीएम-जनमन (बहुउद्देशीय केंद्र)*

(करोड़ रुपये में)

राज्य	स्वीकृत निधि	2023-24 के दौरान जारी निधि	प्रस्तुत उपयोगिता प्रमाण-पत्र	2024-25 के दौरान जारी निधि	प्रस्तुत उपयोगिता प्रमाण-पत्र	2025-26 के दौरान जारी निधि**	प्रस्तुत उपयोगिता प्रमाण-पत्र
बिहार	4.2	-	-	-	-	2.1	0

* वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान प्रारंभ किया गया

**राज्य सरकार ने ₹2.1 करोड़ भारत की संचित निधि (सीएफआई) में वापस किए

एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस)

वित्त वर्ष	रुपये लाख में
2021-22	-
2022-23	-
2023-24	8.95
2024-25	34.12
2025-26	1,948.30

संविधान के अनुच्छेद 275(1) के परंतुक के अंतर्गत (रुपये लाख में)

2021-22			2022-23			2023-24			2024-25			2025-26		
कुल निर्मुक्ति	प्रस्तुत यूसी	प्रतीक्षित यूसी	कुल निर्मुक्ति	प्रस्तुत यूसी	प्रतीक्षित यूसी	कुल निर्मुक्ति	प्रस्तुत यूसी	प्रतीक्षित यूसी	कुल निर्मुक्ति	प्रस्तुत यूसी	प्रतीक्षित यूसी	कुल निर्मुक्ति	प्रस्तुत यूसी	प्रतीक्षित यूसी
642.08	642.08	0.00	1001.01	871.01	130.00	871.24	729.01	142.23	524.00	215.74	308.26	1230.57	178.96	388.08

प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना (पीएमएएजीवाई) (रुपये लाख में)

वर्ष	जारी निधि	प्रतीक्षित उपयोगिता प्रमाण-पत्र
2021-22	774.44	0.00
2022-23	0.00	-
2023-24	0.00	-
2024-25	0.00	-
कुल	**774.44**	**0.00**

मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति **(रुपये लाख में)**

2020-21		2021-22		2022-23		2023-24		2024-25		2025-26	
निर्मुक्ति	उपयोग की गई	निर्मुक्ति	उपयोग की गई	निर्मुक्ति	उपयोग की गई	निर्मुक्ति	उपयोग की गई	निर्मुक्ति	उपयोग की गई	निर्मुक्ति	उपयोग की गई
708.22	708.22	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	443.31	443.31	0.00	0.00

अनुलग्नक II

बिहार में पीएम-जनमन के अंतर्गत उपायों की प्रगति का जिले-वार विवरण (दिनांक 30.06.2026 तक)*

क्र.सं.	जिले का नाम	ग्रामीण विकास मंत्रालय (पीएमएवाई-जी)		जल शक्ति मंत्रालय		स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग		महिला एवं बाल विकास मंत्रालय		जनजातीय कार्य मंत्रालय	
		स्वीकृत आवास	पूर्ण आवास	स्वीकृत गांवों की संख्या	संतृप्त गांवों की संख्या	स्वीकृत छात्रावासों की संख्या	पूर्ण (संख्या)	स्वीकृत आंगनवाड़ी केंद्रों की संख्या	कार्यशील आंगनवाड़ी केंद्रों की संख्या	स्वीकृत बहुउद्देशीय केंद्रों की संख्या	पूर्ण कार्य वाले बहुउद्देशीय केंद्रों की संख्या
1	बांका	45	-	2	2	-	-	2	1	-	-
2	भागलपुर	336	-	8	8	4	-	11	11	-	-
3	गया	57	-	6	6	-	-	3	3	3	-
4	कैमूर (भभुआ)	40	-	1	1	1	-	1	1	-	-
5	कटिहार	35	-	4	4	1	-	12	12	-	-
6	किशनगंज	74	-	3	3	1	-	9	9	1	-
7	मधेपुरा	203	-	2	2	4	-	7	7	1	-
8	नवादा	15	-	3	3	-	-	3	3	-	-
9	पूर्णिया	121	-	4	4	4	-	7	7	2	-
10	सुपौल	38	-	2	2	-	-	4	4	-	-

* संबंधित मंत्रालयों/विभागों द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार।

अनुलग्नक III

बिहार में जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा डीएजेजीयूए के अंतर्गत अनुमोदित परियोजनाओं का जिले-वार विवरण

क्र.सं.	उपाय	जिला	इकाई	स्वीकृत निधि (रुपये लाख में)
1	टीएमएमसी	जमुई	1	100
2	टीएमएमसी	पश्चिमी चंपारण	1	100
3	टीएमएमसी	कैमूर	1	100
4	आवासीय विद्यालयों के मरम्मत कार्य	पश्चिमी चंपारण	4	143.1
5	आवासीय विद्यालयों के मरम्मत कार्य	रोहतास	1	33.05
6	वन अधिकार अधिनियम प्रकोष्ठ (एफआरए सेल)		1	198.13
7	सिकल सेल रोग जागरूकता/प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (टीओटी)	6 जिले		8
8	टीएमएमसी	भागलपुर	1	100
9	टीएमएमसी	बांका	1	100
10	टीएमएमसी	कटिहार	1	100
11	टीएमएमसी	रोहतास	1	100
12	टीएमएमसी	पूर्णिया	1	100
13	टीएमएमसी	किशनगंज	1	100

अनुलग्नक IV

बिहार राज्य में मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति और मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत कवर किए गए लाभार्थियों का विवरण

अनुसूचित जनजाति छात्रों के लिए मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति

वित्त वर्ष 2021-22	**वित्त वर्ष 2022-23**	**वित्त वर्ष 2023-24**	**वित्त वर्ष 2024-25**	**वित्त वर्ष 2025-26**
लाभार्थी	**लाभार्थी**	**लाभार्थी**	**लाभार्थी**	**लाभार्थी (अनुमानित)**
42425	26450	8451	15139	16820

अनुसूचित जनजाति छात्रों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति

वित्त वर्ष 2021-22	**वित्त वर्ष 2022-23**	**वित्त वर्ष 2023-24**	**वित्त वर्ष 2024-25**	**वित्त वर्ष 2025-26**
लाभार्थी	**लाभार्थी**	**लाभार्थी**	**लाभार्थी**	**लाभार्थी (अनुमानित)**
16302	3768	1444	3428	3771

*****